# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्री ने झारखंड सहित सात राज्यों के साथ नक्सलवाद पर की अहम बैठक, कहा– 2026 तक देश होगा नक्सलवाद मुक्त, युवाओं से की मुख्यधारा में लौटने की अपील।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेतरहाट में फिल्म शूटिंग स्थल का किया निरीक्षण, कहा – झारखंड को फिल्म निर्माण का प्रमुख स्थल बनाने की अपार संभावनाएं।
- गोड्डा में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने एक करोड़ 90 लाख रुपए की विकास योजनाओं की दी सौगात, दो दर्जन से अधिक सड़क, नाला और पेवर ब्लॉक परियोजनाओं का किया शिलान्यास।
- धनबाद पुलिस को मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में मिली बड़ी सफलता, 28 किलो मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।
- मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट किया जारी, देवघर, दुमका से लेकर पश्चिमी सिंहभूम तक जलजमाव और फसल नुकसान की आशंका।

********************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में नक्सलवाद पर दो अहम बैठकों की अध्यक्षता की, जिसमें झारखंड सहित सात नक्सल प्रभावित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा और सुरक्षाबलों का ऑपरेशन, मानसून के दौरान भी जारी रहेगा। श्री शाह ने नक्सली रास्ते पर भटके युवाओं से आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सरकार द्वारा हरसंभव सहायता दी जाएगी।

********************

राष्ट्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय बदलाव से गुजरा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति की बात कर रहे हैं – जो साहसिक सुधारों, रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि और स्वच्छ, विश्वसनीय और समावेशी ऊर्जा के लिए एक मजबूत प्रयास का दशक है।

********************

जामताड़ा जिले में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित लोअर घाघरी में एक हिंदी फीचर फिल्म के शूटिंग स्थल का निरीक्षण किया और फिल्म निर्माण टीम से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और जलप्रपात फिल्म निर्माण के लिए आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान करते हैं। राज्यपाल ने आशा जताई कि आने वाले वर्षों में झारखंड एक प्रमुख फिल्म शूटिंग स्थल के रूप में उभरेगा।

********************

गोड्डा के महागामा में विधायक सह ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने क्षेत्रवासियों को 1 करोड़ 90 लाख रुपए की योजनाओं की सौगात दी। मौके पर मंत्री ने महागामा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पीसीसी सड़क, पेवर ब्लॉक और नाला निर्माण सहित दो दर्जन से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

युवा कांग्रेस ने राज्य में संगठनात्मक चुनाव और सदस्यता अभियान की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी शुरुआत 27 जून से होगी और यह 3 जुलाई तक चलेगा। चुनाव प्रभारी हसन जैदी ने बताया कि निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए राज्य और जोनल स्तर पर रिटर्निंग ऑफिसर्स की नियुक्ति की जाएगी। प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष ब्रिजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस बार एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है, जिसमें धनबाद की अहम भूमिका होगी।

********************

धनबाद पुलिस को मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरपीएफ और जीआरपी के सहयोग से दो तस्करों को 28 किलो मादक पदार्थ के साथ धनबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता कर बताया कि दोनों आरोपी उड़ीसा से मादक पदार्थ (गांजा) लेकर वाराणसी में डिलीवरी करने जा रहे थे।

********************

- हजारीबाग में रुई और गद्दे की एक दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लगभग 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग पर दो दमकल और एक पुलिस वॉटर कैनल की गाड़ी ने काबू पाया।
- ' खूंटी में मारवाड़ी युवा मंच नगर शाखा ने कल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण अभियान चलाते हुए 251 पौधे लगाए। मंच ने इस वर्ष कुल 1000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जो एक प्रेरणादायक पहल है।
- दुमका जिले में प्रसिद्ध वार्षिक नागपूजा अनुष्ठान कल से शुरू हो गया, जो 7 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान सुखजोरा नाग मंदिर में विशेष पूजा और मेले का आयोजन होगा, वहीं परंपरा अनुसार मांसाहार और लोहे की खुदाई प्रतिबंधित रहेगी।

********************

मौसम विभाग ने आज से 25 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। आज देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं–कहीं भारी वर्षा हो सकती है, जबकि कल और 25 जून को खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट के साथ निचले इलाकों में जलजमाव और फसलों को मामूली नुकसान की चेतावनी दी है।

********************

अखबारों की सुर्खियां–

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने अमेरिका का इरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला और रांची में बारिश की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है रांची 2 घंटे की बारिश से बेहाल घरों में घुसा पानी ।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है कार की टक्कर से सिविल कोर्ट की पेशकार समय 3 की मौत।

दैनिक जागरण लिखता है झारखंड के लिए आजसू ने संघर्ष किया, बाकी ने की सौदेबाजी।

प्रभात खबर ने लिखा है नीट यूजी और जेईई मेंस के सवालों की होगी समीक्षा।

********************